देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 294 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...भारतीय राजनीति का मुहावरा



देहरादून, शुक्रवार, 3 जनवरी 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 7.0°

41626.64

2 पॉम्पियो ने रद्द किया 4 देशों का दौरा

7 हार्दिक पंड्या-नताशा स्टानकोविक की सगाई

# पाक के खिलाफ मुंह पर ताला क्यों?

## सीएए पर आंदोलन को लेकर विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तुमकुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के तुमकुर में गुरुवार को नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ कांग्रेस और विपक्ष के आंदोलन को लेकर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी दल देश की संसद के खिलाफ ही मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही हमारी संसद ने नागरिकता संशोधन कानून को मंजूरी देने का ऐतिहासिक काम किया है। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल देश में संसद के खिलाफ आंदोलन करने में जुटे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, ये लोग पाकिस्तान से आए दलितों, पिछड़ों और प्रताड़ितों के खिलाफ ही आंदोलन कर रहे हैं। पाकिस्तान का जन्म धर्म के आधार पर हुआ था और तब से ही दूसरे धर्मों के लोगों के साथ अत्याचार शुरू हो गया था। समय के साथ पाकिस्तान में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और ईसाइयों पर लगातार अत्याचार बढ़ता रहा है।

पीएम मोदी ने कहा कि लाखों लोगों को अपने घर छोड़कर भारत आना पड़ा है। पाकिस्तान ने इन लोगों पर जुल्म किया, लेकिन कांग्रेस और बाकी विपक्षी दल पाक के खिलाफ नहीं, बल्कि पीड़ितों के खिलाफ ही आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, शरण लेने आए लोगों के खिलाफ जुलूस निकाले जा रहे हैं, लेकिन जिस पाक ने वहां के अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किए उसे लेकर आखिर मुंह पर ताले क्यों लगे हुए हैं।

पीएम मोदी ने कहा, हमारा यह फर्ज बनता है कि पाकिस्तान से आए शरणार्थियों की मदद करें। हमारा फर्ज है कि पाक से आए हिंदुओं और उनमें भी ज्यादातर दलित लोगों को हम उनके नसीब पर नहीं छोड़ सकते।



### हमारा फर्ज है कि पीड़ितों की मदद करें

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए सिख, जैन और ईसाई परिवारों की मदद करें। उन्होंने कहा कि जो लोग आज संसद के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, उनसे कहना चाहता हूं कि आज पाक को बेनकाब करने की जरूरत है। आंदोलन करना ही है तो आपको पाकिस्तान के पिछले 70 सालों के कारनामों के खिलाफ करना चाहिए।

### 6 करोड़ किसान परिवारों के खाते में पहुंच गया 12 हजार करोड़

पीएम नरेंद्र मोदी ने तुमकुरू में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 8 करोड़ वें किसान के खाते में पैसा जमा किया गया है। इतने कम समय में ये उपलब्धि हासिल करना बहुत बड़ी बात है। पीएम मोदी ने किसानों को बताया कि आज इस कार्यक्रम में ही अभी एक साथ देश के 6 करोड़ किसान परिवारों के खाते में 12 हजार करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए साढ़े 7 हजार करोड़ रुपए का विशेष फंड भी बनाया गया है। मछुआरों की नावों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस की परेड में झांकी पर विवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। गणतंत्र दिवस पर पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिलने को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ राज्य में प्रदर्शन के कारण यह निर्णय लिया गया। उसने इसे राज्य और यहां की जनता का अपमान बताया। वहीं, प्रदेश बीजेपी ने कहा कि प. बंगाल सरकार पर नियमों का पालन नहीं किया।

### फैज की नज्म के हिंदू विरोधी होने की जांच नहीं, तथ्यों से परे है आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। कानपुर में फैज अहमद फैज की नज्म हम देखेंगे के हिंदू विरोधी होने को लेकर जांच नहीं की जा रही है। गुरुवार को संस्थान के डेप्युटी डायरेक्टर मणींद्र अग्रवाल ने इस बात को खारिज करते हुए कहा कि फैज की कविता पढ़ने और इसके हिन्दू विरोधी होने की जांच की बात तथ्यों से परे है। उन्होंने कहा कि बीते 17 दिसंबर को संस्थान में छात्रों के मार्च के बाद कई तरह की शिकायतें प्रशासन के सामने दर्ज कराई गई थीं।

### संजय राउत के फेसबुक पोस्ट से बढ़ा सस्पेंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे मंत्रिमंडल विस्तार में भाई सुनील राउत को जगह न मिलने से नाराजगी की खबरों के बीच शिवसेना सांसद संजय राउत के नए साल पर फेसबुक पोस्ट से सस्पेंस बढ़ गया है। राउत ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि हमेशा ऐसे व्यक्ति को संभाल कर रखिए, जिसने आप को तीन भेंट दी हों- साथ, समय और समर्पण... राउत के इस पोस्ट को शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की तरफ इशारा के रूप में देखा जा रहा है।

## एनआरसी पर बांग्लादेश से अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुका है भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने एनआरसी को लेकर बांग्लादेश की तरफ से लिखित आश्वासन मांगने संबंधी रिपोर्ट्स को अपुष्ट बताते हुए उनपर टिप्पणी करने से इनकार किया है। नेपाल के साथ कालापानी को लेकर सीमा विवाद पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि नए मैप में सीमा का पुनर्निर्धारण नहीं हुआ है। बातचीत से मसलों का हल होगा।

**बांग्लादेश से अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार से गुरुवार को जब यह पूछा गया कि बांग्लादेश ने यह लिखित आश्वासन मांगा है कि उसके यहां प्रवासियों को नहीं लौटाया जाएगा तो प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी स्थिति को स्पष्ट कर चुका है।

अपुष्ट रिपोर्ट्स पर वह टिप्पणी नहीं कर सकते। रवीश कुमार ने कहा, हमने अपनी स्थिति को बांग्लादेश से स्पष्ट कर दी है। हमने कहा है कि यह भारत का आंतरिक मामला है। इस मुद्दे पर जो भी रिपोर्ट आ रही हैं, वे सूत्रों पर आधारित हैं, प्रामाणिक नहीं हैं...इन पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

### देश के नए नक्शे में अंतरराष्ट्रीय सीमाएं नहीं बदली हैं: विदेश मंत्रालय

नेपाल के साथ सीमा विवाद से जुड़े सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, हमारा मैप हमारे संप्रभु क्षेत्र को बताता है।



मैप में सीमा का पुनर्निर्धारण नहीं किया गया है। बातचीत के जरिए किसी भी विवाद को सुलझाया जाएगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के रूप में 2 नए केंद्रशासित बनाए जाने के बाद भारत सरकार ने 31 अक्टूबर को देश का नया नक्शा जारी किया था। नक्शे में कालापानी इलाके को लेकर नेपाल ने आपत्ति जताई है। कालापानी उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में 35 वर्गकिलोमीटर में फैला इलाका है जो काली नदी का उद्गम स्थल है।

## बच्चों की माताओं का दर्द नहीं समझ पा रहीं सोनिया-प्रियंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। राजस्थान में कोटा के सरकारी अस्पताल में 100 से ज्यादा बच्चों की मौत मामले को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधा है।

योगी ने कहा कि माताओं की गोद उजड़ना सभ्य समाज, मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं पर धब्बा है। अत्यंत क्षोभ है कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी महिला होकर भी इन माताओं का दुख नहीं समझ पा रही हैं। बता दें कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए सोनिया गांधी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से रिपोर्ट तलब की है जो उन्हें भेज दी गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑफिस के ट्विटर हैंडल से गुरुवार को कोटा में बच्चों के मौत मामले से जुड़े दो ट्वीट किए गए। एक ट्वीट में प्रियंका गांधी पर भी हमला बोला गया है। योगी ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा अगर उत्तर प्रदेश में राजनीतिक

### यूपी में नौटंकी करने की जगह राजस्थान में माताओं को सांत्वना दें प्रियंकाः योगी आदित्यनाथ

नौटंकी करने की जगह पर राजस्थान में उन गरीब पीड़ित माताओं से जाकर मिलतीं, जिनकी गोद केवल उनकी पार्टी की सरकार की लापरवाही की वजह से सूनी हो गई है तो उन परिवारों को कुछ सांत्वना मिलती। इनको किसी की न चिंता है, न कोई संवेदना, जनसेवा नहीं सिर्फ राजनीति करनी है।

**स्पीकर ने दोबारा जताई चिंताः** वहीं, लोकसभा स्पीकर और कोटा सांसद ओम बिरला ने बच्चों की मौत पर गंभीर चिंता जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को एक बार फिर खत लिखा है। बिरला ने ट्वीट किया, 'राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पुनः स्मरण पत्र भेजकर संसदीय क्षेत्र कोटा के जेके लोन मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में शिशुओं की असमय मृत्यु की प्रतिदिन बढ़ती संख्या को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए आग्रह किया।

## अयोध्या फैसले पर बढ़ी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### गृह मंत्रालय ने बनाई एक अलग डेस्क

नई दिल्ली। अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले के करीब दो महीने बाद केंद्र सरकार ने इससे संबंधित सभी मामले को देखने के लिए एक अलग से डेस्क बनाई है। इसकी अध्यक्षता अडिशनल सेक्रटरी स्तर के अधिकारी करेंगे। गृह मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या मामले और कोर्ट के फैसलों से जुड़े मामले को तीन अधिकारी देखेंगे। इस टीम का नेतृत्व अडिशनल सेक्रटरी ज्ञानेश कुमार करेंगे। अयोध्या विवाद पर 9 नवंबर के सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले के बाद सरकार का यह कदम काफी महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में विवादित जमीन पर राम मंदिर निर्माण की इजाजत दी है। इसके अलावा कोर्ट ने केंद्र सरकार को राम मंदिर निर्माण के लिए 3 महीने के भीतर ट्रस्ट बनाने और 5 एकड़ जमीन सुन्नी वक्फ बोर्ड को देने का आदेश दिया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in